पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 16 ◆ रायपुर 20 फरवरी 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### कार्यक्रम में देशभर के साधु संत हुए शामिल

# पीएम मोदी ने किया कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास

संभल । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल स्थित कल्कि धाम मंदिर का हुआ शिलान्यास। इस शिलान्यास का कई दिनों से इंतजार किया जा रहा था। यह मंदिर संभल के एंकरा कंबोह इलाके में बनने जा रहा है। अयोध्या के राम मंदिर के बाद इस मंदिर के शिलान्यास की चर्चा थी।





बता दें कि पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। प्रमोद कृष्णम ने ही इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इनपर हमला बोला था। इसके कुछ दिनों बाद ही कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाकर छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया था।

### पांच एकड़ में बन रहा मंदिर

गौरतलब है कि कल्कि को भगवान विष्णु का 10वां और अंतिम अवतार कहा जाता है। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार अभी कल्कि का अवतार नहीं हुआ है। माना जाता है कि कलयुग के अंत में कल्कि के रूप में भगवान विष्णु धरती पर प्रकट होंगे।



मंदिर निर्माण समिति के अनुसार, इस मंदिर में उसी पत्थर का इस्तेमाल होगा जिससे अयोध्या का राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। मंदिर का निर्माण लगभग पांच एकड़ की जमीन पर हो रहा है और इसमें लगभग 5 वर्ष लगेंगे।

### मुझे तमाम अच्छे काम करने का सौभाग्य मिल रहा- पीएम मोदी

शिलान्यास कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज सनातन के एक और आस्था के केंद्र का शिलान्यास हुआ है। आज देश में सनातन फिर से अपने गौरव को पा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले के लोग तमाम ऐसे अच्छे काम छोड़ गए, जोकि मुझे करने का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी मैं ऐसे ही तमाम अच्छे काम करता रहूंगा।

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या स्पेशल गाड़ी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



**रायपुर।** बसंत पंचमी का दिन है सरस्वती पूजन का दिन है। आज इसी दिन 14 फरवरी 1889 को पहली बार रायपुर से बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई थी। आज इसी बसंत पंचमी के दिन रामभक्त अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं। यह शुभ संयोग है। आज 1344 रामभक्त अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं। वे भगवान श्रीराम का दर्शन करने जा रहे हैं। यह बहुत सौभाग्य की बात है। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रामभक्तों को अयोध्या धाम के लिए आस्था ट्रेन से विदा करते वक्त कही।

उन्होंने कहा कि हम कामना करते हैं कि रामभक्त रामलला का आशीर्वाद लेकर लौटें और छत्तीसगढ़ की खुशहाली का आशीर्वाद रामलला से लेकर लौटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विधानसभा के बाद मार्च महीने में पूरे मंत्रिमंडल के साथ रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। रायपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अयोध्या धाम की ओर जाने वाली आस्था ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकार से गूंज गया। यह गूंज तब तक उठती रही जब तक कि ट्रेन की अंतिम बोगी विदा न हो गई।

### विधानसभा में मुख्यमंत्री ने किया एलान

# बस्तर में लागू होगी "नियद नेल्ला नार" योजना आदिवासियों को मिलेगी फ्री बिजली

रायपुर। बस्तर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। नियद नेल्ला नार नाम की इस योजना को बस्तर में लागू किया जाएगा। इसका ऐलान विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया।



मुख्यमंत्री साय ने बताया कि यह योजना पुलिस कैंप से लगे 5 किलोमीटर क्षेत्र तक के गांव में लागू होगी। नियद नेल्ला नार योजना का मतलब है आपका अच्छा गांव। इस योजना के तहत बस्तर के आदिवासियों को कई मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से कई सुविधाएं अब तक आदिवासी क्षेत्रों में नहीं पहुंची है, इस योजना में फोकस होगा कि वह बुनियादी सुविधाएं बस्तर के गांव-गांव तक पहुंचे।

### यह सुविधा दी जाएगी

इस योजना में सरकार आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी भवन बनाएगी। फ्री बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे,

### बैंक-ATM खुलेंगे, मोबाइल टावर लगेंगे

बैंक और एटीएम खोले जाएंगे। सड़क बनाने का अभियान चलेगा। मोबाइल टावर लगाए जाएंगे।

### इन जिलों में लागू होगी योजना

सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर में विकास कैंप (पुलिस कैम्प) के आसपास के गांव में यह योजना लागू होगी। लगातार पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग इलाकों में नए पुलिस कैंप खोलने के अभियान चल चलाए जा रहे थे, इन्हीं कैंपों के आसपास आपका अच्छा गांव योजना शुरू की जाएगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर होगा विकसित

*प्रधानमंत्री आवास दिए जाएंगे, प्राथमिक शालाएं खोली जाएगी*

*आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे, सामुदायिक भवन, महतारी सदन बनाए जाएंगे*

*पेयजल के लिए हर बसाहट में हैंडपंप की सुविधा दी जाएगी।*

*गांव के केंद्र में हाई मास्ट सोलर लाइट लगाई जाएगी*

*युवाओं के लिए खेल मैदान, उप स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय बनेंगे।*

*गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़क बनेगी।*

*प्रत्येक बसाहट में मनोरंजन के लिए केंद्र बनेंगे जहां पांच टीवी सेट डीटीएच के साथ लगाए जाएंगे।*

*ब्लॉक मुख्यालय और जिला मुख्यालय में छात्रावास की व्यवस्था की जाएगी।*

## लगभग 100 वर्ष पुरानी शासकीय ईतवारी राम यादव स्कूल की गरिमा खत्म होने के कगार पर

# पढाई के दौरान स्पीकर से हो हल्ला कर सब्जी बेच रहे हैं परिसर में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर की सबसे पुरानी व प्रतिष्ठित हायर सेकेण्डरी स्कूल जो वर्तमान मे शासकीय ईतवारी राम यादव स्वतंत्रता सेनानी के नाम से संचालित है वह अपनी पुरानी वैभव व गरिमा को खोकर दूर्दिन के दिन मे गंदगी व अव्यवस्था का माहौल समेटे संस्था की गरिमा को धूमिल होते देख रहीं है।



**सब्जी विक्रेता ध्वनि प्रदूषण के जरिये पढ़ाई को प्रदूषित कर रहा है वहीं अन्य दुकानदार चाय पान गुटखा का डिस्पोजल पाउच फेंककर स्कूल की सूरत को बदसूरत बनाने मे लगे हुये हैं**

स्कूल परिसर के बाहर स्कूल बाउंड्री से लगे हुये स्थल पर कचरों का ढेर व नुक्कड़ की अलग अलग दुकानदारी से समूचा शैक्षणिक वातावरण हर प्रकार के प्रदूषण से दूषित हो रहा है ऐन अध्ययन के वक्त वहां पर ईलेक्ट्रीक तिपहिया वाहन मे स्पीकर लगाये सब्जी विक्रेता जहां छात्रों की पढ़ाई को ध्वनि प्रदूषण के जरिये प्रदूषित कर रहा होता है वहीं अन्य दुकानदार भी स्कूल परिसर पर कचरा फैलाकर व चाय पान गुटखा का डिस्पोजल पाउच व अन्य सामाग्री फेंककर स्कूल की सूरत को बदसूरत बनाने मे लगे हुये है उक्त स्कूल एक समय समूचे रायपुर संभाग मे अपनी अनुशासन अध्ययनशीलता व उच्च दर्जे के अध्ययन के लिये पूरे रायपुर संभाग मे प्रसिद्ध था इस स्कूल के अध्ययनरत पूर्व छात्र बडे बडे उच्च पदों के साथ साथ आईपीएस व डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाविद सहित सफल राजनीतिक बनकर स्कूल की गरिमा को बरकरार रखे हुये थे लेकिन मौजूदा समय मे स्कूल की अव्यवस्था को देखकर पुराने छात्रो के साथ साथ पालक व वर्तमान छात्र भी परेशान है। स्कूल की अव्यवस्था के संबंध मे जनभागीदारी समिति के प्रशांत गांधी से जब पूछा गया तो उनका कहना था कि वास्तव मे बाहर वातावरण अव्यवस्थित जरूर है और इसके निराकरण के लिये उन्होने प्रभारी प्राचार्य को उचित माध्यम से शिकायत भेजने कहा है। उक्त संबंध मे प्रभारी प्राचार्य दिनेश शर्मा का कथन है कि स्कूल के बाहर कचरा फैलाने वाले व विभिन्न दुकान लगाकर वहां का वातावरण खराब करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के लिये प्रशासन को अवगत कराया जायेगा ताकि शैक्षणिक माहौल की गरिमा बरकरार रह सके।

# शहर में सड़क पर दुकानदारी करने के नये रिवाज से यातायात में बाधा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के मुख्य मार्ग पर उतरकर दुकानदारी करने एवं दुकान के सामान व प्रचार बोर्ड को रखे जाने से लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है वहीं यातायात मे लगातार बाधा उत्पन्न हो रहीं है न्यू बस स्टैड चौराहा से लेकर महासती मंदिर मार्ग, जैन मंदिर, पंचायती मंदिर, सदर बाजार होकर रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क जिसकी चौड़ाई सन 1935 मे लगभग 39 फीट चौडी थी वह आज अतिक्रमण के चलते मात्र 19 फीट की रह गई है इस मार्ग पर रोजाना पांच हजार से अधिक दुपहिया चौपहिया वाहन आना जाना करते है लेकिन सड़क की चौड़ाई कम हो जाने से यातायात मे लगातार बाधा उत्पन्न हो रहीं है उपर से वर्तमान 19 फीट की बची खुची सड़को पर भी अनेक लोग उतरकर दुकानदारी कर रहे है जिसमे नेपाल से आये मोमोज विक्रेता तथा अन्य सामानो के दुकानदार जो कि पहले हटरी बाजार के भीतर अपने दुकान लगाते थे वे भी देखा देखी सड़क पर आकर दोनो छोर पर दुकानदारी करते हुये यातायात को बाधित कर रहे है जिससे आये दिन यातायात जाम एवं दुर्घटना आम बात बन गई है। इसी तरह गौरवपथ के दोनो मुख्य मार्गो पर बडे बडे होर्डिंग्स बोर्ड व पोस्टर बैनर डिवाईडर के बीचो बीच लगाये जाने के गलत परंपरा के कारण सड़क पर चलने वाले वाहन चालक चोटिल हो रहे है खासकर जन्मदिन व अन्य नियुक्ति पर बधाई के इतने बडे बडे बोर्ड गौरवपथ के डिवाईडर पर बिना अनुमति के लगाये जा रहे कि लोगों को उक्त बोर्ड व होर्डिंग्स से आवाजाही के दौरान चोटग्रस्त होना पड़ रहा है अनेक दुकानदारो ने भी बढ चढकर डिवाईडर पर अपने बोर्ड लगाकर यातायात को बाधित कर रखा है राम सप्ताह चौक से लेकर जय स्तंभ चौक तक सड़क पर अवैध हाथ ठेला व वाहनो की पार्किंग से लोगों का आना जाना मुश्किल भरा हो गया है कुछ वर्ष पूर्व इस मार्ग मे लगने वाले तमाम हाथ ठेला सब्जी व फल विक्रेताओं को कड़ाई से हटाते हुये सुभाष बाजार की ओर व्यवस्थित किया गया था लेकिन प्रशासनिक कमजोरी से खुलेआम वे सड़क पर आकर फिर से दुकान लगा रहे है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है क्षेत्र के नागरिकों ने जिला कलेक्टर व नवागंतुक एसपी सदांनद कुमार से अपेक्षा जाहिर की है कि वे भाटापारा शहर मे व्यवस्था कायमी की दृष्टि से ठोस कदम उठाने पहल करें।

## संक्षिप्त समाचार

# कन्नौजिया सोनार समाज के खेमलाल अध्यक्ष मनोनीत



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कन्नौजिया सोनार समाज के मार्गदर्शन मे मंडी रोड स्थित सोनी समाज भवन मे मंडल ईकाई के पदाधिकारीयों के गठन हेतु आवश्यक बैठक रखी गई थी जिसमे मुख्य निर्वाचन अधिकारी परदेशी सोनी के मार्ग दर्शन मे निर्वाचन करवाया गया जिसमे स्थानीय स्वजातीय बंधुओं के सर्वसम्मति से मंडल ईकाई के अंतर्गत खेमलाल सोनी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सनत सोनी, सचिव संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी व संरक्षक रामकुमार सोनी वही उक्त निर्वाचन मे प्रदेश स्तरीय कन्नौजिया सोनार समाज के पदाधिकारियों मे प्रमुख रुप से प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल सोनी, प्रदेश सचिव भागवत सोनी, प्रदेश सहसचिव संजीव सोनी, प्रेमलाल सोनी, ओंकार सोनी व प्रकाश सोनी सहित स्थानीय सोनी समाज के स्वजातीय बंधु बडी संख्या मे उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराकर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढाने की शुभकामनाएं उपस्थिति पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधु द्वारा दिया गया वही कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन मंडल ईकाई के अध्यक्ष खेमलाल सोनी ने जताया।

# राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिये श्रेया तिवारी का चयन



**भाटापारा।** 67 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता फैंसिंग 17 वर्ष बालक बालिका, औरंगाबाद महाराष्ट्र में 10 फरवरी तक आयोजित है, इस प्रतियोगिता में गुरुकुल स्कूल की छात्रा श्रेया तिवारी का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन किया गया है। श्रेया के चयन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, राकेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल.देवांगन, आलोक गुप्ता, आलोक मिश्रा, अमित तिवारी, अखिलेश दुबे, निखिल जाम्बुलकर, तरुण सेन, द्रोण ध्रुव, भूमेश पांडे, संतोष साहू, संजीव ध्रुव, उमप्रसाद राठौड़, बीईओ रामजी पाल, भास्कर चंद देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुन्ना सिंग नेताम, संजय अवस्थी, अरुण बंटी छाबड़ा, परिचय मिश्रा, मिनिमोय हलधर, लुकेश कुमार, योगेश कटेलिहा, चंद्रकांत बागड़े, गजेंद्र साहू, हरबंश निषाद, श्रीधर राव, प्रीति जलहरे, तिलोत्तमा वर्मा, यास्मीन अफरोज, प्रतिमा अवस्थी व ओमी तिवारी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# कमलक्षेत्र राजिम संगमतीर्थ में कुंभ मेला

*पद्म क्षेत्र राजिम में विराजे हैं राजीवलोचन, वहीं श्री संगम में भगवान कुलेश्वर महादेव के चरण पखारती चित्रोत्पला गंगा की भाव धारा में पैरी और सोंढूर नदियां भी समाहित हो गईं । त्रेता से कलयुग कल की सभ्यता को समेटे राजिम नगरी की अकथ गाथा आज भी जीवन्त है। त्रेता युग में लोमस ऋषि की तपोभूमि पुरुषोत्तम क्षेत्र में थी। स्वर्णरेखा से महानदी तक पुरुषोत्तम क्षेत्र स्थित है, जिसके दक्षिण में कुल्था नदी प्रवाहित होती है। ऐसा स्कंद पुराण में कहा गया है*

ऋषिकुल्या समासादवा दक्षिणोदधिगामिनीयम।
स्वर्णरेखा महानदयो मध्ये देश: प्रतिष्ठित:।।

सिहावा के कंक पर्वत पर श्रृंगी ऋषि का आश्रम त्रेता युग में था। ऋषि के कमंडल से अभिमंत्रित गंगाजल गिर पड़ा और यहीं से महानदी उदगमित हो गई। गंगा का प्रतिरूप लिए महानदी को चित्रोत्पला गंगा इसलिए ही कहा जाता है। चित्र और उत्पल दो युग्म शब्द से बना है चित्रोत्पला। चित्रा महाशक्ति स्वरूप गायत्री हैं जिन्हें ऐश्वर्या की महादेवी भी कहा गया है। उत्पल नीलकमल को कहा जाता है जिस कारण राजिम कमल क्षेत्र के नाम से विख्यात है। महानदी,सोंढूर और पैरी नदियां जहां एकाकार होती है वह क्षेत्र श्री संगम से विभूषित है और उसके केंद्र बिंदु में विराजे हैं उत्पलेश्वर (कुलेश्वर) महादेव।

**राजिम कुंभ -** भगवान राजीव लोचन की तीर्थ नगरी और कुलेश्वर महादेव की स्थली जहां विष्णु और शिव एकाकार होते हैं। माघ पूर्णिमा का मेला यहां आयोजित होता रहा। छत्तीसगढ़ के जनमानस की भावनाओं को द्विगुणित करते हुए 21वीं सदी के उत्तरार्ध में राजिम मेला को राजिम कुंभ नाम देकर उसे विस्तारित किया गया। सरकार ने कुंभ का संकल्प लिया तो साधु, संत, महात्माओं सहित शंकराचार्य ने इस का स्वागत करते हुए इस पुण्य क्षेत्र में पदार्पण किया और अपना आशीर्वचन भी दिया। कुंभ जहां अमृत वर्षा हुई थी उसी ध्येय को लिए 2005 से राजिम कुंभ की शुरुआत हुई। राजिम कुंभ में साधु, संतों, तपस्वियों का आगमन हुआ। साधु संतों के अखाड़े, अलग-अलग पंथों के साधु संत, विभिन्न पीठों के पीठाधीश्वर सहित शंकराचार्य भी राजिम कुंभ में आये। उम्र पड़ी लोगों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कुंभ के आयोजन की गरिमा भव्यता में वही भाव भावना उभरी जो देश के कुंभ मेलों में दिख पड़ती है।

**सृष्टि,सभ्यता में राजिम -**सृष्टि के प्रारंभ में विंध्याचल के दक्षिण का भूभाग सबसे पहले अस्तित्व में आया। मानव सभ्यता का उदगम यही स्थान बना। वैज्ञानिक मतों के अनुसार सिहावा पर्वत (शुक्ति मत) जो बस्तर `टॉन के अंतर्गत है, यह आद्य महाकल्प में निर्मित चट्टानों से बना है। जिस की औसत आयु 300 करोड़ वर्ष से अधिक है।सिहावा से तीन नदियां उदगमित हुईं। महानदी (चित्रोत्पला), पैरी (प्रितोध्द्धारिणी) और सोंढूर (सुन्दर विभूति वाली) नदियों का संगम स्थल राजिम है। यह अनादि काल का ? संगम है। छत्तीसगढ़ में सभ्यता और संस्कृति की विकास यात्रा मानव सभ्यता के विकास के आदि चरणों के साथ ही आरंभ हुई।

**पांच सभ्यता के साक्ष्य-** कमलतीर्थ के वृहत्ताकार क्षेत्रफल को समेटे भगवान राजीव लोचन और शिव को समर्पित नगरी राजिम अपने आगोश में अनेक पौराणिक आख्यानों को समेटे हुए हैं। राजिम में ईसापूर्व दूसरी से ग्यारहवीं बारहवीं सदी तक के पुरावशेष हमारे सामने आ चुके हैं और खोज कार्य चल ही रहा है। मौर्य काल से पहले छत्तीसगढ़ में अंधकार युग था! इतिहासकारों का यह कथन गलत साबित हुआ। राजिम के पांच काल के पुरावशेष अब तक मिल चुके हैं । काल म के अनुसार पहला मौर्यकालीन के पूर्व सभ्यता, दूसरा मौर्य कालीन सभ्यता, तीसरा सातवाहन कालीन सभ्यता, चौथा शरभपुरिया पांडु वंशी कालीन सभ्यता, पांचवीं कलचुरी कालीन सभ्यता के पुरावशेष मिल चुके हैं। पुराविद डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। राजिम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मौर्यकालीन पूर्व सभ्यता के अवशेषों से भी यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उस कालखंड में यहां ज्यादा विकसित लोग निवास करते थे।

## संगम में कुलेश्वर महादेव-

सिहावा पर्वत से निकली चित्रोत्पला गंगा कहलाने वाली महानदी, सोढूर और पैरी नदी के संगम में भगवान कुलेश्वर को अर्घ्य देती नजर आती है। त्रिवेणी संगम में बने कुलेश्वर मंदिर को केंद्र मानकर चंपेश्वर महादेव, बावनेश्वर महादेव, फिंगेश्वर महादेव, कोपेश्वर महादेव और पाटेश्वर महादेव तक के भूमि खंड को विस्तार देकर धार्मिक तीर्थ बनाया गया है। राजिम के पद्मक्षेत्र की प्रदक्षिणा को पंचकोशी यात्रा का स्वरूप दिया गया है। चरैवेति चरैवेति% के वैदिक उदघोष को आत्मसात करते हुए श्रद्धालु पंचकोशी की प्रदक्षिणा कर संगम में स्नान कर अपने आप को धन्य मानते हैं। इस बारे में कहा भी गया है,

*उत्तर कोसले देशे*
*भारत संज्ञा के,*
*विंध्यस्व दक्षिण भागे*
*आर्यावितौ तमक्षिते*
*कमलाकारम भले*
*पंच `शिपुरं महंत*
*महानदी मया दृष्टवा*
*समीपे तस्य शोभना।*

**चान्द्रमासी नगरी -** प्राचीन नगरी राजिम पहले चान्द्रमासी नाम से विख्यात थी, यहां पर कला, संस्कृति से परिपूर्ण सभ्यताओं का अपना एक अलग इतिहास है। राजिम के हर एक मंदिर और मूर्तियों के साथ जुड़ी है उन महान राजाओं की कथा जिन्होंने राजिम की धर्म, कला, संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाया। अभी तक हम नदी संगम पर बने कुलेश्वर मंदिर और राजीव लोचन मंदिर को ही सब कुछ मानते रहे थे पर हाल ही में उत्खनन के साथ प्राचीन राजिम का इतिहास उभर कर सामने आ रहा है। ऐतिहासिक महत्व के आधार पर राजिम के मंदिरों को चार श्रेणियों में बांट कर देखा जाता है। पूर्वी समूह में राजीव लोचन मंदिर, पश्चिम समूह में कुलेश्वर महादेव दक्षिण में वामन मंदिर, नरसिंह मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, दानेश्वर मंदिर और राजिम तेलिन मंदिर हैं। उत्तरी समूह में सोमेश्वर मंदिर आता है।

**राजीव लोचन मंदिर-** भारत के राम मंदिरों से अलग हटकर राजीव लोचन मंदिर अपनी विशेषता लिए हुए हैं। मंदिर निर्माण काल के बारे में पुराविदों की एक राय नहीं है, इस मंदिर का निर्माण पांचवी सदी के अंतिम चरण का माना गया है, जब रायपुर क्षेत्र में आमरार्य कुल के राजा नरेंद्र का शासन था। जिसकी पुष्टि लिखित प्रमाणों के आधार पर होती है। इसलिए या तो राजा नरेन्द्र अथवा उनके उत्तराधिकारियों ने राजीव लोचन मंदिर का निर्माण कार्य किया था। एम.जी. दीक्षित का मत है कि मंदिर का निर्माण कोसल के शरभपुरीय शासकों के राजस्व काल में पांचवीं ईसवी सन के आसपास हुआ है।

राजीव लोचन मंदिर आज जिस स्वरुप में है वह पहले ऐसा नहीं था। यह मंदिर की विन्यास कला को देखने से सहज ही अंदाज ही होता है। परिवर्ती अनेक राजाओं ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और मंदिर की संरचना में परिवर्तन भी कराया। प्राप्त शिलालेखों से यह पता चलता है। श्रीपुर के पांडुवंशीय राजा के समय पहला जीर्णोद्धार हुआ। आठवीं- नौवीं सदी के दौरान



नलवंश के राजा विकासतुंग ने भी इसे संवारा, जिनका शिलालेख मंदिर में आज भी है। 12वीं शताब्दी के मध्य कलचुरी राजा पृथ्वीदेव जी के सामंत जगपाल देव ने भी मंदिर के मूल स्वरूप में कुछ परिवर्तन कराया। 3 जनवरी 1145 ईस्वी सन् के एक शिलालेख से यह पता चलता है। राजीव लोचन मंदिर की प्रतिमाओं को पुराविदों ने नलवंश काल की माना है। भगवान राजीवलोचन की प्रतिमा से अलग हटकर दूसरी मूर्तियों में सोमवंशी स्थापत्य कला की झलक मिलती है, परंतु मूर्तियों की भाव -भंगिमा और चेहरे की सुघड़ता में जो अनगढ़ रूप दिखता है वह उसे सोमवंशी कला से अलग भी करता है। राजीव लोचन मंदिर पंचायतन शैली में बना मंदिर है, जिसके उत्तर व दक्षिण दिशा में प्रवेश द्वार बने हुए हैं। मंदिर विस्तृत आकार लिए हुए स्थित है जिसके चारों ओर छोटे-छोटे मंदिर निर्मित हैं। गर्भगृह में भगवान विष्णु की चतुर्भुज प्रतिमा सिंहासन आरूढ़ है। प्रतिमा के हाथों में शंख, गदा, च और पद्म ये चार आयुध हैं। लोक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु यहां % राजीव लोचन के नाम से ख्यात है जिनके साथ कई किवदंतियां जुड़ती चली आई हैं। मंदिर के स्तंभों में गंगा, यमुना नदी देवी के साथ वाराह नरसिंह, सूर्य और देवी दुर्गा की प्रतिमाएं उत्कीर्ण हैं। मंदिर के पुजारी राजपूत वंश के हैं जिनके पास पांडुवंश के महाशिव देव का ताम्रपत्र धरोहर में है। जिसमें उन्होंने दक्षिण कोसल की तत्कालिक राजधानी श्रीपुर (सिरपुर) से जारी किया था। ताम्रपत्र लिख कर पिपरीपड़क (पिपरौद) गांव मंदिर में अर्पित किया।

**कुलेश्वर महादेव मंदिर-** त्रिवेणी संगम की बीच धारा में ऊंची जगती पर पंचमुखी शिवलिंग है जो कुलेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन्हें भी उत्पलेश्वर महादेव भी कहा गया है। जनश्रुति के अनुसार राम वनवास गमन पर यह स्थान पड़ा था। यहीं पर सीता माता ने बालू से शिवलिंग बना पूजा अर्चना की थी जिन्होंने पांच उंगलियों के मध्य से जलधारा अर्पित की और पंचमुखी शिवलिंग हो गये। इस कारण इन्हें उत्पलेश्वर महादेव कहा गया। सीता माता ने अपने कुल तर्पण के लिए यहां पूजा की थी इसलिए इन्हें कुलेश्वर महादेव कहा गया है। तदनुसार छत्तीसगढ़ के लोग अपने पूर्वजों के तर्पण के लिए राजिम आते हैं। कुलेश्वर मंदिर अष्टभुजाकार है। ब्रह्मसूत्रीय व्यवस्था अनुसार मंदिर अधिष्ठान, जंघा, शिखर और मस्तक जो मश: उंचाई पर संकरा होते चला गया है। मंदिर नागर शैली के वास्तुशिल्प का उत्कृष्ट नमूना है। मंदिर के गर्भ गृह में पंचमुखी शिवलिंग स्थापित है जहां विष्णु के दशावतार का अंकन विशेष महत्वपूर्ण है। यहीं ब्रह्मा, कार्तिकेय आदि देव प्रतिमा उत्कीर्ण हैं इसके अलावा कई मिथुन प्रतिमाएं भी यहां अंकित की गई हैं। बाएं बाजू के अंतिम छोर पर नर- नारी की युगल प्रतिमा अंकित है। कुलेश्वर मंदिर का निर्माण कलचुरियों की रायपुर शाखा के राजाओं ने किया है। मंदिर के महामंडप की पार्श्व दीवाल पर लगा शिलालेख जिसे पूर्ण रूप से पढ़ा नहीं जा सका है इस पर केवल पांचवीं पंक्ति में श्री संगम शब्द पढ़ा जा सका है। शिलालेख की लिपि से अनुमान लगाया गया है कि इसका निर्माण आठवीं नवमीं सदी के दौरान हुआ होगा। जनश्रुतियों के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में एक सुरंग थी, जो लोमस ऋषि के आश्रम तक जाती है। मंदिर के दक्षिण - पश्चिम दिशा में लगभग 150 गज की दूरी पर लोमस ऋषि का आश्रम है जिसे बेल पेड़ की अधिकता के कारण बेलाही के नाम से जाना जाता है। लोमस ऋषि के शिष्य श्रृंगी ऋषि हुए। श्रृंगी ऋषि को गुरु ने महानदी के उदगम स्थल नगरी- सिहावा में तपस्या करने का आदेश दिया था, जहां श्रृंगी ऋषि का आश्रम है।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर-** राजीव लोचन मंदिर के समीपस्थ लक्ष्मी नारायण का मंदिर है जहां लक्ष्मी विष्णु की प्रतिमा सिंहासन आरूढ़ है और आगे नतमस्तक गरूड़ की मूर्ति है। मंदिर की दीवारों पर प्रतिमाएं उत्कीर्ण हैं। मंदिर का निर्माण करने वाले भांडगे दंपत्ति की मूर्ति है। मंदिर में हनुमान की मूर्ति के बायीं ओर एक पुराना कुंड है। उत्तर दिशा में राधा कृष्ण मंदिर है जिसमें राजीव लोचन की बाल प्रतिमा स्थापित है। गर्भ गृह में राधा-कृष्ण की बाल्यावस्था की मूर्तियां हैं। राजीव लोचन मंदिर के पूर्व में महामाया का मंदिर है जहां चैत्र व [ ांर मास में विशेष पूजा-अर्चना होती है।

**दत्तात्रेय मंदिर-**गरियाबंद मार्ग पर दत्तात्रेय मंदिर है। मंदिर में दत्तात्रेय ब्रह्मा के साथ शिव और विष्णु की मूर्तियां हैं। दत्तात्रेय के वाहन श्वान की भी मूर्ति बनी है। यहां एक प्राचीन बावड़ी है। इस जगह पर हर बरस मड़ई का आयोजन होता है।

**राजिम के मंदिर-** जगन्नाथ मंदिर का निर्माण चौदहवीं शताब्दी का माना गया है जो उत्तरी कोने पर स्थित है। गर्भगृह में जगन्नाथ जी का विग्रह है। इसी के समीप नरसिंह मंदिर है। राजीव लोचन मंदिर के सामने दानेश्वर मंदिर व राजेश्वर मंदिर बने हैं। राजिम तेलिन इनका मंदिर भी यही है जिसके साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हैं। इसी के साथ काल भैरव मंदिर, भगवान विश्वकर्मा मंदिर गरीब नाथ मंदिर, माता शीतला मंदिर बनाए गए हैं। सोमेश्वर नाथ का मंदिर पूर्वी भाग में बना है यह प्राचीन मंदिर है।

राजिम प्राचीन नगरी होने के साथ पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य का भागी बनना पौराणिक का कर्म है। माघ पूर्णिमा और कार्तिक पूर्णिमा में त्रिवेणी में लाखों लोग स्नान कर भगवान का दर्शन कर मोक्ष पाने की आशंका से यहां एकत्र होते हैं। भक्त ों का तीर्थ बना राजिम कुंभ हर बरस लगता है। माघ पूर्णिमा और शिवरात्रि पर्व में राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव के दर्शन कर श्रद्धालु धन्य हो उठते हैं। पर्वों पर लगने वाला राजिम का मेला अपने आप में धार्मिक, ऐतिहासिक संस्कृति को तत्कालीन समाज को संजोए नजर आता है।

रविन्द्र गिन्नौरे

## शिवरतन की अनुशंसा पर करोड़ो के विकास कार्यों की स्वीकृति

# हमने बनाया है हम ही सवारेंगे छत्तीसगढ़ राज्य -शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ वर्ष 2024-25 के बजट में विधानसभा में विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई। विदित हो कि छत्तीसगढ़ का 2024-2025 का बजट विधानसभा में वित्तमंत्री ओ पी चौधरी के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमे भाटापारा विधानसभा में शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलडीहा मार्ग पर 8 करोड़ 80 लाख की लागत से पुल निर्माण कार्य के लिये राशि स्वीकृत की गई है साथ ही रेल्वे स्टेशन अंतर्गत एल सी नम्बर 385 गेट पर 11 करोड़ की लागत से रेल्वे ओवर ब्रिज, खोखली-धौराभाठा गेट पर 27 करोड़ 50 लाख की लागत से रेल्वे ओवर ब्रिज, सिमगा विकासखंड के अड़बंधा से करहुल मार्ग पर 4 करोड़ 40 लाख की लागत से 2 किलोमीटर सड़क निर्माण, अड़बंधा से चंदिया पथरा मार्ग पर 6 करोड़ 60 लाख की लागत से 2 किलोमीटर सड़क निर्माण, मर्राकोना से संजारी नवागांव मार्ग पर 5 करोड़ 50 लाख की लागत से 2.50 किलोमीटर सड़क निर्माण, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर 8 करोड़ 80 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य, कोलिहा रोहरा पुल पुलिया सहित 3 किलोमीटर मार्ग के लिये 6 करोड़ 60 लाख, भाटापारा के कोसमंदा-बेन्द्री-खैरी-बोरसी 3.80 किलोमीटर पुल पुलिया सड़क मार्ग के लिये 3 करोड़ 30 लाख, दतरेंगा से बिजराडीह 6.20 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया सहित मार्ग के लिये 5 करोड़ 50 लाख, पौसरी 2.50 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया निर्माण सहित डामरीकरण के लिये 5 करोड़ की राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। शिवरतन शर्मा ने दूरभाष द्वारा बजट के विषय मे चर्चा करते हुये कहा कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे छत्तीसगढ़ राज्य 2024-25 का यह बजट प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा, सुधार, सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने तय किया है। प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण व छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। उक्त स्वीकृति के लिये शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी विकास कार्यों की स्वीकृति से प्रसन्नता है सभी ने सरकार की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# मार्डन स्कूल में खेल सप्ताह का हुआ समापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में खेल सप्ताह समापन समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष, विशेष अतिथि आलोक मिश्रा, रोहित साहू, राजीव बाटवे, सुनील गुप्ता, चिराग ताम्हणे एवं प्राचार्य प्रीति ताम्हणे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर, राज्य स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कई सफलता के परचम लहराये। त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में नेट बॉल में कक्षा आठवीं की सिद्धि साहू एवं अफ्सा बेगम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा सातवीं के आदित्य देवांगन और धनेंद्र पंसारी ने इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लिया। राज्य स्तरीय नेटवर्क प्रतियोगिता जो कि धमतरी में आयोजित थी उसमें विद्यालय की सिद्धि साहू, अफ्सा बेगम कक्षा आठवीं, आदित्य देवांगन, धनेंद्र पंसारी कक्षा सातवीं तथा अमन यादव कक्षा छठवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय महिला बालिका खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन में अनुष्का साहू कक्षा सातवीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय नेट बाल प्रतियोगिता में सिद्धि साहू, अफ्सा बेगम कक्षा आठवीं, आदित्य देवांगन, धनेंद्र पंसारी कक्षा सातवीं, निखिल साहू कक्षा आठवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक बैडमिंटन प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान अनुष्का साहू, द्वितीय स्थान साक्षी बघेल, तृतीय स्थान कक्षा छठवीं में फ्लक नाज को मिला, साथ ही 400 मीटर दौड़ में कक्षा आठवीं की सिद्धि साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी खेल सप्ताह के समापन समारोह में सभी विजेताओं, उप विजेताओं और विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किये गये।




## भाटापारा के कांग्रेस संगठन में बदलाव

**भाटापारा।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस संगठन मे फेरबदल किया गया है। उक्त फेरबदल की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी ने लिखित रूप से जारी करते हुये बताया है कि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के स्थान पर अरूण यदू नये अध्यक्ष होंगे वहीं ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी के स्थान पर अशोक ध्रुव अध्यक्ष बनाये गये है। इसी तरह सिमगा मे हिरेन्द्र कोशले को कार्यकारी अध्यक्ष के रूप मे नियुक्ति प्रदान की गई है। उक्ताशय की सूचना मलकीत सिंग गेंदू महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अशोक राज आहुजा व क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव को जानकारी प्रेषित कर दी गई है।

## शहर के सभी स्कूलों में बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड व सिकलिंग जांच भी

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र के तमाम शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं निजी स्कूलों मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलिंग जांच व आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है जिसमे प्राय: सभी लोगों के सिकलिंग जांच के साथ साथ आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया से लोग लाभान्वित होंगे उक्ताशय की जानकारी डॉ.राजेन्द्र माहेश्वरी ने देते हुये लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य विभाग की उक्त योजना एवं पहल का अधिक से अधिक संख्या मे लाभ प्राप्त करें उन्होने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं धारक का मोबाईल नंबर होना आवश्यक है जिससे की उसे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। माहेश्वरी ने उक्त कार्य मे लोगों से सहयोग की अपील भी की है।

## नीलमणी दुबे भाटापारा के नये तहसीलदार

**भाटापारा।** जिलाधीश कार्यालय मे प्रशासनिक पदस्थापना करते हुये सुहेला मे पदस्थ नीलमणी दुबे को भाटापारा तहसीलदार के रूप मे पदस्थ किया है आज देर शाम जारी आदेश के अनुसार जिलाधीश चंदन कुमार ने नीलमणी दुबे को भाटापारा तहसील का तहसीलदार बनाया है वहीं तहसील मे पदस्थ पेंखन टोंडे को सोनाखान का तहसीलदार पदस्थ किया गया है उक्ताशय का आदेश देर शाम जारी किया गया है।

# एसपी के निर्देश पर सघन जांच अभियान जारी, कई वारंटी पुलिस पकड़ में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के विशेष निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में जरायम और जरायम पेशा लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत वारण्टियों, अवैध शराब व्यवसायी चाकूबाजी और मारपीट करने वाले आदतन बदमाशों को गिरफ्तार करने अलग अलग टीम बनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के नेतृत्व में एसडीओपी आशीष अरोरा थाना प्रभारी भाटापारा और सिटी कोतवाली, सुहेला, पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, सिमगा, लवन, पलारी के संयुक्त पुलिस बल से कार्यवाही की गई। इस संपूर्ण कार्यवाही में 16 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें से 4 स्थायी वारंटी, 3 गिरफ्तारी वारंट के साथ अवैध रूप से बिक्री करने वाले शराब व्यवसायी, मारपीट, चोरी और चाकूबाजी के आरोपी हैं। सभी के खिलाफ संबंधित आपराधिक मामलों में कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में लगातार यह अभियान जिले में हर थाना चौकी क्षेत्र में चलाया जायेगा। आबकारी अधिनियम की लगातार कार्यवाही में पिछले 4 दिनों में ही कुल 27 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों मे सगुन दास उर्फमारकंडे संत रविदास वार्ड, मनीष यादव उर्फपार्षद यादव, शक्ति वार्ड, लावेन टंडन, हेमु कल्याणी वार्ड, करण चेलक गुरुनानक वार्ड, भीमदास मानिकपुरी गांधी मंदिर वार्ड, जीवन दास मानिकपुरी मुंशी इस्माइल वार्ड, सोनू निषाद संत माता वार्ड, दिनेश उर्फ अप्पू साहू परशुराम वार्ड, प्रदीप डहरिया भगत सिंह वार्ड, मनहरण यादव गांधी वार्ड, नैना दास संत माता कर्मा वार्ड, बबला मसीह भगत सिंह वार्ड, रामशरण बंजारे हेमू कल्याणी वार्ड, दीपक निर्मलकर संतकंवर राम वार्ड, तनाराम निषाद ग्राम जरौद व रोहित सेन ग्राम माचाभाट आदि शामिल है।

# मोपका हाई स्कूल में 12वी के छात्र छात्राओ को दी गई विदाई



**भाटापारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका मे हाई स्कूल के छात्रो ने 12 वी के छात्र छात्राओ का विदाई समारोह गाँव के सरपंच श्रीमति सीमा बजारे सचिव एवं रमेश नवरगे की उपस्थिति मे बडे उत्साहपूर्ण वातावरण मे दिया गया कार्यक्रम के शुरुआत मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का पारितोषिक वितरण सरपंच एवं रमेश नवरगे के कर कमलो से प्राचार्य के सहयोग से किया गया।

# सिंगारपुर में कांग्रेसियों की बैठक ली इन्द्र साव ने



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व मे ग्राम सिंगारपुर मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमे आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी के लिये इंन्द्र साव ने सभी कार्यकर्ताओं के तैयारी के साथ जुट जाने के लिये कहा। उक्त अवसर पर ईश्वर सिंग ठाकुर, अरूण यदू, अशोक ध्रुव, जितेन्द्र ठाकुर, सत्यजीत शेंडे, आबिद खान, अरूण वर्मा, रवि ध्रुव, विजय निषाद, कामता रावत, तेजराम जांगडे, विनोद सोनवानी, शत्रुघन पोर्ते, बिहारी सेन, गणेश साहू व सुंदर साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बलभद्र वार्ड में नवधा रामायण का आयोजन

भाटापारा। स्थानीय बलभद्र वार्ड मयूर स्कूल मावली रोड के समीप अखंण्ड नवधा रामायण समारोह का 35 वां वार्षिक आयोजन प्रारंभ हो गया है। उक्त कार्यक्रम मे राम राजतिलक गुरूवार 22 फरवरी रात्रि 10 बजे आयोजित किया गया है एवं शुक्रवार 23 फरवरी को शहस्त्र धारा तथा विसर्जन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये मेनका विक्की ठाकुर, चंन्द्र प्रकाश ध्रुव, तरूण यादव, बंशीलाल नेताम, रत्नी ध्रुव, विजय यादव, अरूण साहू, भागीरथी वर्मा, जेठूराम ध्रुव, मुन्ना ध्रुव, रोहित ठाकुर, दीपक यादव, ईश्वर जायसवाल, कुंदन साहू, प्रदीप अग्रवाल, महेश चौबे, मालिकराम बांधे, गोलू साहू, डोमार ठाकुर, डूंडराम वर्मा व मोहर दास हेंवार सहित वार्डवासी जुटे हुये है।

# हसदेव बचाव के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान



**भाटापारा।** हसदेव अरण्य जंगल की सुरक्षा हेतु नगर मे कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुकेश दास हेंवार के नेतृत्व मे हस्ताक्षर अभियान चलाया गया उक्त अभियान मे विधायक इंन्द्र साव, ईश्वर सिंग ठाकुर, विवेक यदू, लालू मानिकपुरी, मोहन निषाद, सत्यजीत शेंडे, विक्की ठाकुर, नरेन्द्र ब्रम्हणकर, जितेन्द्र शर्मा, गोपाल शर्मा, शशांक चौबे, हेमंत वर्मा, जुगनू मेमन, ईश्वर सेन, सेवक ध्रुव, संजय मानिकपुरी व विमल दास मानिकपुरी सहित बडी संख्या मे कांग्रेसजन शामिल थे।

# आदित्य गुप्ता ने जीता 10 हजार रूपये केन्द्र से



**भाटापारा।** शंकराचार्य विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल से मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए कक्षा सातवीं के छात्र आदित्य गुप्ता का चयन धमतरी में जोन स्तर के लिये किया गया है। उनके द्वारा बनाये गये मॉडल बरसात के दिन में घर में भरने वाले पानी को डिटेक्ट कर अलार्म बजायेगा छात्र के मॉडल को जिला स्तर पर सराहना के साथ दस हजार रूपये का नगद ईनाम केंद्र शासन द्वारा दिया गया है। छात्र आदित्य गुप्ता 8 फरवरी को होने वाले जोन स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता में धमतरी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षकों व प्राचार्य के साथ संचालक मंडल ने छात्र की सफलता पर बधाई दी है।

# रेल प्रशासन ने एक बार फिर अनेक यात्री ट्रेनों को किया रद्द

## हजारों यात्री होंगे परेशान जिसमे भाटापारा व रायपुर बिलासपुर के लोग भी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा एक बार फिर रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ क्रूर मजाक किया जा रहा है रेल्वे द्वारा विभिन्न स्थलो पर निर्माण कार्यो का कारण बताकर अनेक यात्री ट्रेनो को एक लंबे समय के लिये फिर निरस्त कर दिया गया है। इसी सिलसिले मे आगामी 19 फरवरी से ट्रेन क्रमांक 12535 लखनउ रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस को 19 एवं 22 फरवरी को रदद कर दिया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 12536 रायपुर लखनउ गरीबरथ एक्सप्रेस आगामी 20 व 23 फरवरी को रदद रहेगी इसी तरह आगामी 25 फरवरी को ट्रेन क्रमांक 18213 दुर्ग अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन को रदद किया गया है ट्रेन नंबर 18214 अजमेर से चलकर दुर्ग आने वाली अजमेर दुर्ग एक्सप्रेस 26 फरवरी को रदद रहेगी आगामी 24 फरवरी से 6 मार्च तक की लंबी अवधि के लिये कुछ ट्रेनो को रदद किया गया है जिसमे ट्रेन नंबर 12856 ईतवारी बिलासपुर एक्सप्रेस व ट्रेन नंबर 12855 बिलासपुर ईतवारी एक्सप्रेस रदद रहेगी इसी प्रकार ट्रेन नंबर 18109 टाटा नगर ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन को 24 फरवरी से 6 मार्च तक रदद किया गया है ट्रेन क्रमांक 18110 ईतवारी से चलकर टाटा नगर की ओर जाने वाली एक्सप्रेस उक्त अवधि मे रदद रहेगी। रेल प्रशासन द्वारा उपरोक्त अवधि मे कुछ ट्रेनो को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है जिसमे आगामी 18 से 23 फरवरी तक बरौनी से गोंदिया के बीच चलने वाली बरौनी एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर व कटनी के रास्ते चलेगी वहीं 19 से 24 फरवरी तक गोदिया बरौनी एक्सप्रेस बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर व कटनी होकर चलेगी इसी तरह 12069 एवं 12070 रायगढ गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस को दुर्ग गोंदिया के बीच निरस्त किया गया है इस प्रकार ट्रेनो के निरस्त होने एवं मार्ग परिवर्तित होने तथा कुछ यात्री ट्रेनो को बीच से हीं समाप्त किये जाने के कारण रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले हजारो रेल यात्रियों को एक बार फिर मुसीबतों से जूझना पडेगा।

# अयोध्या गये श्रद्धालुओं का जत्था वापस लौटा सभी आनंदित




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे 72 सदस्यों का जत्था जो कि गत दिनो श्री राम मंदिर का दर्शन करने अयोध्या गया हुआ था उसके तमाम सदस्य दर्शनलाभ के बाद शनिवार को शहर लौट आया। उक्त श्रद्धालुओं का स्वागत करने बडी संख्या मे भाजपा नेता उपस्थित थे। जिसमे मनेन्द्र सिंग गुम्बर, संजय ठाकुर, मोहम्मद हारून, गोवर्धन प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल है। इसके पूर्व उक्त जत्था को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन मे एवं केजूराम बघेल, धनीराम साहू, डब्ल्यूसिंग ठाकुर व महाबल बघेल के नेतृत्व मे रवाना किया गया था। श्रद्धालुओं ने बताया कि भाटापारा से अयोध्या के लिये प्रस्थान करने के बाद रास्ते मे उन्हे कहीं कोई दिक्कत या समस्या नहीं हुई चाय नास्ता भोजन के अलावा अयोध्या से बस द्वारा मंदिर तक उन्हे सुरक्षित ले जाया गया वहां से वे सरयू नदी एवं राम मंदिर का दर्शनलाभ सहजता से कर सके वापसी मे उन्हे टेंट सिटी मे भी बेहतर भोजन व्यवस्था का लाभ दिया गया साथ हीं सम्मानपूर्वक स्टेशन तक वापसी की ट्रेन मे बिठाकर भावपूर्ण रूप से बिदाई दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

# यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सख्त दिशा निर्देश पर स्थानीय यातायात शाखा के द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध अभियान चलाते हुये कार्यवाही की गई है। जिसमे दुपहिया वाहन मे तीन सवारी बिठाकर चलने वाले, बिना कागजात, बिना हेलमेट लगाये तथा नो पार्किंग जोन मे वाहन खडी करने वाले बिना नंबर प्लेट के वाहन दौड़ाने वाले एवं बिना सुरक्षा बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले तथा शराब सेवन करके वाहन दौड़ाने वाले सहित यातायात नियमो के अन्य मापदंडो का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा 31 प्रकरणों मे 24900 रूपये की समन शुल्क की वसूली की गई है। पुलिस की उक्त कार्यवाही मे प्रवीण मिंज, महेन्द्र पोर्ते, धनेश्वर दुबे, कन्हैया सिदार, दीन दयाल ध्रुव व हरीश जगत सहित यातायात पुलिस के अन्य लोग शामिल थे।



# भाजपा का गांव चलो घर चलो अभियान के लिये बैठक



**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण गांव चलो घर चलो अभियान को सफल बनाने के लिये भाजपा कार्यालय में भाजपा की बैठक हुई बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये राकेश तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद यहां हमारी पहली बड़ी बैठक होने जा रही है विधानसभा चुनाव में हां कहीं ना कहीं हमारी मेहनत में कमी रह गई उसी का परिणाम है कि हम विधानसभा चुनाव में पीछे रह गये विधानसभा चुनाव को हर तो भाजपा एवं पार्टी की नहीं हम सब की हार है आप लोग भी आप लोग भी इस हार का परिणाम देख रहे हैं लेकिन अब हमें आगामी महीने में होने जा रहे लोग सुबह चुनाव के लिये अपनी मेहनत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता है। इस अवसर मनेन्द्र सिंग गुम्बर, डॉ मोहन बांधे, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, सलीम खान, योगेश अनंत, मनी साहू, गोपाल देवांगन, नीरा देवी साहू, आयशा खान, मधु सोनी, सूर्यकांत योगी, तनुजा धृतलहरे, नंदू अग्रवाल, अशोक साहू, कुंजराम कोशले, संजय सिंह ठाकुर, आशीष टोटल, अजीत निषाद, देवेंद्र साहू, यशपाल ठाकुर, राजा कामनानी, राकेश मंधान, उमाशंकर वर्मा, नारायण साहू, जितेंद्र छतरी व दीपक जांगड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# धुरंधर वार्ड में तीन दिवसीय रामायण संपन्न

**भाटापारा।** स्थानीय नयापारा धुरंधर वार्ड के संयुक्त तत्वाधान मे तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे अनेक भजन कीर्तन मंडलियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया इस दौरान राम भजन के साथ साथ दीपदान व रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे नारायण साहू, संजय कौशल, बुधारू जायसवाल, दुखित जायसवाल, चौतराम जायसवाल, राजेश यादव, अशोक यादव, संजय कौशल, गिरजा यादव, राजाराम यादव, हरिशंकर यादव, दमल यादव, महावीर साहू, कन्हैया यादव, रामखिलावन साहू, बबला बया व दीपक ध्रुव सहित बडी संख्या मे वार्डवासियों ने भाग लिया।

# भाटापारा शहर में सवा करोड़ की लागत से डामरीकरण कार्य प्रारंभ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर की जनता द्वारा एक लंबे समय से गौरवपथ मार्ग मे डामरीकरण कार्य किये जाने की मांग के परिपेक्ष्य मे भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने सड़क डामरीकरण कार्य के लिये एक करोड़ चोबीस लाख रूपये छत्तीस हजार रूपये की राशि स्वीकृत की थी उक्त स्वीकृत राशि से डामरीकरण कार्य गौरवपथ मार्ग पर प्रारंभ हो गया इसी तरह शहर के आंतरिक सड़को का भी डामरीकरण कार्य विधानसभा चुनाव के पूर्व शिवरतन शर्मा ने कराया था। प्रदेश मे नई सरकार के रूप मे विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे जनसमस्या से सरोकार तमाम कार्यो को प्राथमिकता से किया जा रहा है इसी कडी मे नगर के गौरवपथ मार्ग मे डामरीकरण कार्य शनिवार को प्रारंभ किया गया उक्त कार्य को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये विभागीय इंजीनियर के साथ साथ भाजपा नेताओं ने सड़क मार्ग का अवलोकन भी किया। उक्त अवसर पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील यदू, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, योगेश अनंत सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सड़क डामरीकरण कार्य के प्रारंभ हो जाने से यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा। उपरोक्त कार्य स्वीकृति पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं शिवरतन शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

# विकसित भारत संकल्प शिविर में सैकड़ों लोगों ने फार्म भरा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के अंतर्गत स्थानीय नगर पालिका प्रशासन के सौजन्य से पुराना गंज रामलीला मैदान तथा माता देवालय सर्कस मैदान रामसागर पारा हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर, ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर तथा दशहरा मैदान रावण भांठा मे अलग अलग तिथि व समय पर शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियो के आवेदन लिये गये। जिससे मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देने के साथ साथ उनसे आवेदन भी प्राप्त किये गये इस दौरान हितग्राहियों के विभिन्न जिज्ञासा एवं समस्याओं का समाधान भी किया गया। उक्त अवसर पर पालिकाधिकारी लाल अजय बहादूर सिंग, कन्हैया ठाकुर, शंकर दयाल शर्मा, राकेश सोनी, राजेश छाबड़िया, राजा कामनानी, सुनील यदू, व्यास यदू, आशीष पुरोहित, आशीष जायसवाल, पुरूषोत्तम यदू, धनेश माधवानी व संजय ठाकुर सहित अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा बडी संख्या मे हितग्राही व महिलायें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सरोज बघमार ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्हैया साहू ने भाग लिया भोपाल की कार्यशाला में



**भाटापारा।** स्वदेशी खेल एवं योग को बढावा देने भोपाल मे कार्यशाला का आयोजन किया गया उक्त कार्यशाला मे खेल एवं योग के विभिन्न गुर सीखाये गये जिसमे ग्राम लमती विकासखण्ड भाटापारा के शिक्षक कन्हैया लाल साहू विशेष रूप से शामिल हुये। उक्त कार्यशाला मे विषय विशेषज्ञ शारीरिक शिक्षा संस्थान के लोगों ने पूरे पांच दिन तक सैद्धांतिक व प्रायोगिक क्रियाओं की कक्षा ली उक्त प्रशिक्षण मे खो खो, कबडडी, पिट्ठूल, रस्सा कस्सी के साथ साथ योग की विभिन्न कलाओं का भी प्रशिक्षण दिया गया।

### बाबा गरीबदास साहेब का वार्षिक उत्सव 20 से

**भाटापारा।** बाबा गरीबदास साहेब का वार्षिक उत्सव (मेला) इस वर्ष 20 फरवरी मंगलवार से 22 फरवरी तक बाबा गरीबदास मंदिर में परपंरागत रूप से धूम धाम से मनाया जायेगा। सुशील कुमार मौर्या ने जानकारी देते हुये बताया कि सुबह 9 बजे हवन पूजन के साथ मेला का प्रारंभ होगा इस अवसर पर रायपुर के संत श्री युधिष्ठिर लाल प्रेम प्रकाश बड़ौदा गुजरात के संत श्री चरण दास एवं अमरधाम आश्रम चक्करभाठा के सांई लाल दास पधार रहें हैं। भजन एवं संगीत के कार्यक्रम हेतु निहारिका पुरोहित नागपुर विक्की सूफी दिल्ली एवं बालक मण्डली जलगांव, शयपुर, भाटापारा अपनी सेवाएं देंगें। इस अवसर पर 21 फरवरी बुधवार को विशाल शोभायात्रा शाम 4 बजे बाखा गारीबदास मंदिर मातादेवलय वार्ड से शुरू होकर वापस गरीबदास मंदिर मे समाप्त होगी।

### बरौनी एक्सप्रेस 24 तक भाटापारा नहीं आयेगी, यात्री होंगे हलाकान




**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के रेल्वे क्षेत्र मे एनआई कार्य के कारण रविवार 18 फरवरी से 24 फरवरी तक गोंदिया बरौनी एवं बरौनी गोंदिया दोनो दिशाओं की ट्रेनो का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है फलस्वरूप उक्त महत्वपूर्ण ट्रेन भाटापारा रेल्वे स्टेशन नहीं आयेगी। रेल्वे के उक्त कार्य के कारण उपरोक्त ट्रेन को परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट के रेल मार्ग के रास्ते चलाई जायेगी फलस्वरूप बरौनी गोंदिया एवं गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन के भाटापारा नहीं पहुंचने से यहां से शहडोल, अनुपपुर, पेड्रारोड, उस्लापुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव व डोंगरगढ जाने वाले तमाम रेल यात्रियों को 18 से 24 फरवरी तक परेशानियों से जूझना पडेगा क्योकि उपरोक्त ट्रेन बताये गये रेल्वे स्टेशन तक नहीं पहुंच पायेगी जिससे रेल यात्रियों को एक बार फिर परेशानियों से दो चार होना पडेगा।

# शहर में जगह जगह फिर से अवैध कब्जे हो रहे हैं

## प्रशासन के लिये चुनौती पेश कर रहे अवैध कब्जाधारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते एक बार फिर मुख्य मार्गो के दोनो ओर अवैध कब्जे फिर से होने लगे है इसकी शुरूआत रेल्वे स्टेशन विश्रामगृह के समीप से लेकर तरेंगा नाका रायपुर रोड़ तक द्रुत गति से प्रारंभ हो गया है।



**कृषि उपज मंडी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवैध कब्जा कारोबार फल फूल रहा**

अवैध कब्जेधारियों के हौसले इतने अधिक बुलंद है कि वे रातों रात बीच सड़क पर वेल्डिंग मशीन व अन्य संसाधन लाकर बडे बडे आकार के ठेला टीन टप्पर व शेड़ लगाने पूरी निडरता से कार्य कर रहे है वहीं अवैध कब्जा करने वाले अनेक लोग रातों रात सार्वजनिक रूप से बिखरी पडी गिटटी रेती ईंट को कलेक्शन कर फ्री मे अवैध कब्जा से छोटे छोटे दुकान बना रहे है उक्त अवैध कब्जा करने वालो के विरूद्ध प्रशासन की ओर से कार्यवाही नहीं किये जाने से एक बार फिर शहर अवैध कब्जो के जंजाल मे फंस रहा है खासकर गौरवपथ मुख्य मार्ग के अलावा सिनेमा लाईन, सदर बाजार, हटरी बाजार, जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन, महारानी, लिंक रोड, तहसील चौक, सुहेला मार्ग एवं बिलासपुर मार्ग, मोपका मार्ग, सुरखी निपनिया मार्ग मे अवैध कब्जा करने वाले बडे पैमाने पर सक्रिय हो गये है इसी प्रकार के माहौल शासकीय हास्पिटल के सामने से कृषि उपज मंडी की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के दोनो छोर पर देखने को मिल रहा है जहां दिन दुनी रात चौगुनी रफ्तार से अवैध कब्जे हो रहे है। कृषि उपज मंडी के क्षेत्र मे सबसे ज्यादा अवैध कब्जा कारोबार फल फूल रहा है जिस पर प्रशासन को कड़ाई से कार्यवाही करने की जरूरत है।



# दवाई दुकानों की सघन जांच की गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अध्यक्षता में समस्त दवाई दुकानों एवं ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित गई थी जिसमें सभी दवाई विक्रेताओं को प्रतिबंधित एवं नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां, कफसिरप आदि का विक्रय नहीं करने, बिना डॉक्टरी पर्ची के दवाइयां नहीं बेचने आदि हेतु निर्देशित किया गया था।



**चेकिंग अभियान में संयुक्त टीम द्वारा शहर व क्षेत्र अंतर्गत कुल 10 दवाई दुकानों की चेकिंग की गई।**

उक्त निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी आशीष अरोरा व नगर निरीक्षक योग्यताबाली खापर्डे, ग्रामीण निरीक्षक अमित पाटले एवं किशोर ठाकुर ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत दवाई दुकानों का चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा दवाई दुकानों में उपलब्ध दवाइयां, स्टॉक रजिस्टर आदि का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही मेडिकल संचालकों से संदिग्ध एवं प्रतिबंधित दवाइयां की जानकारी लेने वाले संदिग्ध असमाजिक तत्वों के संबंध में भी पूछताछ किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा टेस्ट परचेसिंग के तहत छद्म रूप में एक पुलिस स्टाफ को दवाई दुकान में भेज कर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां लेने का प्रयास किया गया, जिसमें संबंधित मेडिकल संचालक द्वारा ऐसी किसी भी प्रकार की दवाइयों के उपलब्ध या बिक्री होने के संबंध में स्पष्ट रूप से मना किया गया। चेकिंग अभियान में संयुक्त टीम द्वारा शहर व क्षेत्र अंतर्गत कुल 10 दवाई दुकानों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा अभियान सृजन के तहत प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां का सुख नशे के रूप में इस्तेमाल की संभावनाओं को पूर्ण रूपेण रुकने हेतु चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# भाटापारा में सफाई व्यवस्था ठप्प, जगह जगह कचरों का ढेर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे सफाई व्यवस्था एक बार फिर बुरी तरह चरमरा गई है जगह जगह कचरो का ढेर लगा हुआ है वहीं तमाम छोटी बडी नाली नाला बजबजाते हुये गंदे जल को सड़क तक प्रवाहित होने की स्थिति मे पहुंच गये है। यह दुर्भाग्य जनक बात है कि प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बडी नगर पालिका मे पर्याप्त जिम्मेदार अधिकारियों के पद रिक्त होने से संपूर्ण स्वास्थ्य एवं सफाई व्यवस्था बुरी तरह ठप्प हो गई है। सफाई व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था नहीं होने से सड़क व नालियो की नियमित व भरपूर समय तक सफाई नहीं हो रहीं है देख रेख के अभाव मे सफाई कर्मचारी केवल 60 मिनट मे सड़क व नाली की आधी अधूरी सफाई कर लौट जा रहे है। वर्तमान मे सफाई व्यवस्था के पूरी तरह चौपट हो जाने से शहर की जहां तस्वीर बदसूरत बन रहीं है वहीं गंदगी के चलते मच्छर व मक्खियो का प्रकोप बढ गया है शहर मे 30 से 40 की संख्या मे आवारा घूमते सुअरो से लोग हलाकान है संजय वार्ड, शक्ति वार्ड, सुभाष बाजार, मारवाडी कुंआ, सदर बाजार, कईहा तालाब क्षेत्र मे अवैध घूम रहे सुअरो से जहां गंदगी फैल रहीं है वही लोगों के संक्रमित होने का खतरा बढ रहा है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाटापारा पालिका मे अतिशीघ्र स्वास्थ्य अधिकारी पदस्थ करने की मांग करते हुये सफाई व्यवस्था को आवश्यक सेवा घोषित कर पूर्णकालिक समय तक सफाई व्यवस्था चलाने की मांग की है।

**वर्तमान में सफाई व्यवस्था के पूरी तरह चौपट हो जाने से शहर की तस्वीर बदसूरत बन रहीं है**



# ग्राम खोलवा में पुलिस वालों पर पथराव व डंडा से हमला, आरोपी पकड़े गये




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर सीमा से लगे हुये गांव ग्राम खोलवा मे पुलिस टीम पर हमला होने की खबर है। उक्त संबंध मे पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार भाटापारा के समीपवर्ती सुहेला थाना मे एक युवती के अपहरण होने की रिपोर्ट पर सुहेला पुलिस व ग्रामीण थाना भाटापारा पुलिस मिले लोकेशन के आधार पर शहर सीमा मे लगे गांव खोलवा मे जाकर युवती जो कि नाबालिग बालिका है उसकी पतासाजी मे लगे हुये थे इसी दौरान ग्राम खोलवा के निवासी कुनाल झा, राजेश ध्रुव उर्फ मनीराम एवं तुलाराम ध्रुव ने पुलिस दल पर पूछताछ नहीं कर सकते हो कहते हो अश्लील गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे व पुलिस वालो को पकड़ो इन्हे जाने नहीं देंगे कहते हुये डंडा व पत्थर से मारपीट किया जिससे पुलिस वाले चोटिल हो गये शासकीय कार्य मे बाधा डालने व भयकारित कृत्य करते हुये बल का प्रयोग करने की रिपोर्ट पर पुलिस ने ग्राम खोलवा के तुलाराम, राजेश, मनीराम व कुनाल को पकड़ा है उक्त घटना मे प्रार्थी एवं गवाह का कथन लेने के बाद आरोपियों द्वारा घटना मे प्रयुक्त डंडा व पत्थर को उनके कब्जे से सबूत के तौर पर बरामद भी किया गया है। उक्त चारों आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 332, 186, 353, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है व सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

## कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर हुई कार्रवाई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**अवैध खनन में लगे 6 चैन माउंटेड मशीन सहित 57 वाहन जब्त**

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा समय-समय पर खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन पर समुचित रोकथान हेतु जारी निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 15 फरवरी 2024 को जिला खनिज टॉस्क फोर्स के सदस्यों के रुप में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें खनिज रेत, मुरुम, चूनापत्थर के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न वाहनों एवं मशीनों पर कठोर कार्यवही करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 51 खनिजों का अवैध परिवहन कर रहें वाहनों सहित अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहें 6 चैन माउण्टेड मशीनों पर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार बलौदाबाजार के द्वारा बिना खनिज अभिवहन परिपत्र के खनिज रेत के अवैध परिवहन कर रहे 22 गाड़ियों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम दतान (ख) में रात्रि में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 2 चैन माउन्टेड मशीन को खनिज विभाग के साथ जन्त व सीलबन्द करते हुए 3 हाईवा जो कि नदी में रेत भराई का कार्य करते समय जप्त कर वाहन चालकों के भाग जाने पर रेत खदान संचालक को सुपूर्द किया गया है।

इसी प्रकार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम भदरा में रात्रि में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 3 चेन माउन्टेड मशीन को जप्त व सील किया जाकर सुरक्षार्थ ग्राम भदरा में रखा गया है तथा ग्राम भदरा एवं सिनोधा में 8 रेत से भरी हाईवा जप्त किया जाकर थाना कसडोल में सुरक्षार्थ रख गया है। तहसीलदार लवन के द्वारा खनिज रेत 8 हाईवा जप्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ रख गया है इसी के साथ खनिज विभाग के अमला के द्वारा भी खनिज रेत के 4 हाईवा जप्त कर थाना लवन में ही सुरक्षार्थ रखा गया है। तहसीलदार टुण्ड्रा एवं भाटापारा के द्वारा 3-3 वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर खनिज मुरुम के अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहे चैन माउण्टेड मशीन को जप्त किया जाकर संबंधित थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है।सभी वाहनों एवं मशीनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कार्यवाही की गई है। जिनमें नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश खनिज विभाग को दिये गये है।

# वार्ड की समस्या से दुखी नागरिकों ने इन्द्र साव को बताई समस्या





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 25 लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर के सैकड़ो नागरिकों ने क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव से मुलाकात कर वार्ड मे व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। नागरिको ने इंन्द्र साव से कहा कि वार्ड मे सफाई व्यवस्था की हालत पूरी तरह ठप्प है जगह जगह गंदगी व कचरों का अंबार लगा हुआ है वहीं जर्जर नाली के कारण गंदे जल क निकासी वार्ड के गली मोहल्लों मे होने से लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की गंभीर समस्या पर विधायक ने अधिकारियों से चर्चा कर संपूर्ण समस्या का हल निकालने का आश्वासन वार्डवासियों को दिया। उक्त अवसर पर राहुल साहू, हरीश साहू, निशांत साहू व भीखू यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# इन्द्र साव ने विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इन्द्र साव ने गत दिनो ग्राम दतरेंगी, देवरानी, माचाभाट एवं टोनाटार का सघन दौरा किया इस दौरान उन्होने अपने विधायक मद से विभिन्न ग्राम पंचायतों मे प्रस्तावित सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उक्त अवसर पर इंन्द्र साव ने कहा कि गांव विकास के लिये सुगम सड़क का होना अति आवश्यक है इसी सोंच के चलते उन्होने तमाम गांव मे सड़क निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण करने का संकल्प लिया है। उक्त अवसर पर टेकसिंग ध्रुव, आबिद खान, कुमारी केवल ध्रुव, पंचराम वर्मा, मिथलेश ध्रुव, जनक वर्मा, शिव ध्रुव, हबीब अहमद, दशरथ ध्रुव, सत्या ध्रुव, बुधे ध्रुव, गेंदराम वर्मा, शिवकुमार ध्रुव, विष्णु कोशले, ऐमन सिंग ध्रुव, दुलार यादव, गुहाराम निषाद, गंगाराम ध्रुव, ईश्वरी ध्रुव, कांशीराम वर्मा, मधु फेकर, शांति यदू, हुलासराम साहू, सेउक साहू, राधेश्याम साहू, हेमंत नेताम एवं कमलेश साहू सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्रस्तुत बजट निराशाजनक - इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा में पेश किये गये बजट को निराशा जनक बताया। उन्होंने कहा वित्त मंत्री से यह उम्मीद थी कि ऐसा बजट पेश करेंगे की प्रदेश को एक नई दिशा देकर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

परन्तु बजट से निराशा हुई लच्छेदार शब्दो का जाल फैलाकर जिन दस स्तंभों के जरिये प्रदेश का विकास करने का सपना दिखाया गया है, उसमे नया कुछ भी नही है। यह सब नई बोतल में पुरानी शराब है। यह बजट कृषि के क्षेत्र में विकास हेतु कोई योगदान नही करेगा। इस बजट से छत्तीसगढ के ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त करने में कोई भी सहायता नही मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को महतारी वंदन का लालीपाप भर पकड़ाया गया है उनकी आय बढ़ाने हेतु कोई प्रावधान नही है। साव ने आगे कहा कांग्रेस की सरकार ने विगत पांच वर्षो में जिन योजनाओं को बढ़ावा दिया है उनको ही नाम बदल कर निरंतर रखते हुये बजट प्रावधान किए गये है। स्कूल कालेजों की संख्या में वृद्धि तथा भवनों का निर्माण करने के लिये बजट में प्रावधान किये गये है परन्तु रिक्त पदों को भरने का वादा नही किया है। अवैध शराब एवं अन्य नशीली पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिये कोई प्रावधान नही है। रमन सरकार पंद्रह वर्षों तक जीरो ट्रालरेंस की बात करती रही थी परन्तु भ्रष्टाचार पर कोई अंकुश नही लगा सके थे। इस बजट में भी लोक सेवकों के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये कोई बात नही की गई है।

# युवक कांग्रेस ने रोजगार दो के तहत मशाल रैली निकाली




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भारतीय युवा कांग्रेस रोजगार दो न्याय दो राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस प्रभारी पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, अर्जुन सिंह जिला सह प्रभारी, अभिजीत तिवारी जिला सह प्रभारी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे की उपस्थिति में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद के नेतृत्व में बेरोजगारी और बढ़ती मंहगाई साथ ही अवैध शराब बिक्री व सट्टा जैसे कृत्यों के खिलाफ विधायक इन्द्र साव द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का समर्थन व बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ मशाल जलाकर शासन प्रशासन को गहरी नींद से जगाने शहर में मशाल रैली निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष ग्रामीण अमर मंडावी, रोहित साहू, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, लालू मानिकपुरी, अभय देवांगन, गुलशन साहू, सन्नी साहू, शशांक चौबे, लोकेश मंगलानी, दुर्गेश साहू, बलराम साहू, साजिद खान, ईश्वर सेन, राजा यादव, नारायण यदु, जफ्र खान, जितेन्द्र टण्डन, सोनू अशरफी, शौरभ कमरी, पप्पू, सिद्धार्थ, जानेश, सुरेश, गिरवर, गेन्दू साहू, गेंदराम यादव, योगेश निषाद, धीरेंद्र रजक व कोमल टण्डन सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# आयोग की आड़ में अवैध कार्य स्वीकार्य नहीं, घरेलू मन मुटाव का समाधान परिवार के बीच ही किया जाए- डॉ किरणमयी नायक

## समाज को तलाक देने का नहीं है अधिकार, ना ही ऐसे तलाक है विधि मान्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक की अध्यक्षता एवं सदस्यगण सुश्री डॉ अनीता रावटे ने आज प्रदेश स्तर में 238 वीं एवं जिला स्तर में 6 वीं नम्बर की सुनवाई जिला पंचायत के सभागार में की गई।

सुनवाई में आज कुल 41 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें 17 प्रकरणों के आवेदक उपस्थित रहे एवं उनकी सुनवाई की गयी। उसमें से आज 7 प्रकरणों को निराकरण करते हुए नस्तीबद्ध किया गया। साथ ही कुछ प्रकरणों को सुनवाई हेतु रायपुर स्थानान्तरण किया गया है।




### आयोग ने करवाया भाई बहनों में सुलह, बहन को मिला इंसाफ

डॉ. नायक ने महिलाओं को समझाइश देते हुए कहा कि घरेलू आपसी मनमुटाव का समाधान परिवार के बीच किया जा सकता है। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान एवं आपसी सामंजस्य सुखद गृहस्थ के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही आयोग के आड़ में अवैध कार्य को किसी भी तरह से स्वीकार्य नही किया जाएगा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सुनवाई में मुख्य रूप से महिलाओं से मारपीट मानसिक शारीरिक दैहिक प्रताड़ना कार्यस्थल पर प्रताड़ना दहेज प्रताड़ना से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इसके साथ ही उन्होने समाज के नाम में जबरदस्ती तलाक दिलाने एवं बहिस्कृत, हुक्का पानी बंद करने वालो को चेताते हुए कहा कि सभ्य समाज में इस तरह की असमाजिक कार्य बर्दाश्त नही की जाएगी। समाज के नाम में दिए गए तलाक किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। ऐसे कार्य पूर्णत गैरकानूनी है।

आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि इसे चारों भाई अनावेदक गणों के द्वारा कोई भी भरण- पोषण नहीं दिया जा रहा है तथा सभी जमीन को आपस में बांट लिए हैं। और आवेदिका को बिलकुल भी सहयोग नहीं करते हैं। अनावेदक क्र.1 के बेटे ने नेशनल लोक अदालत के आदेश दिनांक 11 सितंबर 2021 का प्रति प्रस्तुत किया,जिसके अनुसार चारों अनावेदकगणों द्वारा आवेदिका को प्रतिवर्ष 8000 रूपये देना था। जिसे अब तक दो वर्ष में 1 भी किश्त नहीं दिए हैं। जो न्यायालय के आदेश का अवमानना का प्रकरण बनता है। इस स्तर पर अनावेदक 1, 2 और 4 तीनों ने आवेदिका को पिछले 2 वर्ष का बकाया राशि कुल 16 हजार रूपये दो किश्त में देना स्वीकार किया है। तथा अनावेदक क्र.3 लोक अदालत के निर्णय मानने से इंकार कर रहा है। जिसके खिलाफ आवेदिका चाहे तो सखी सेंटर के नि:शुल्क सहायता से न्यायालय में कार्यवाही करवा सकती है। अनावेदक क्र. 1, 2 एवं 4 द्वारा दो वर्ष का बकाया 16 हजार रूपये दो किश्तों में अप्रैल 2024 तक प्रति व्यक्ति 16 हजार रूपये आवेदिका के खाते में जमा करेंगे। तथा अनावेदक 3 इस वर्ष का 10000 रूपये इस वर्ष फरवरी 2024 में जमा करेगा। तथा शेष अनावेदकगण वर्ष 2024 का 10 हजार रूपये का भुगतान नवम्बर 2024 तक करेंगे तथा इसकी पुरी निगरानी एक वर्ष तक संरक्षण अधिकारी द्वारा किया जायेगा व रिपोर्ट आयोग को भेजी जायेगी। उस रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण भविष्य में नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसका पति मारपीट करता है, ठीक से भरण पोषण भी नहीं करता इस कारण आवेदिका साथ नहीं रहना चाहती और एक मुश्त भरण पोषण की मांग करते हुए तलाक चाहती है। इस प्रकरण में संरक्षण अधिकारी प्रतिमाह दोनों पक्षों को बुलाकर देखरेख करेगी। फिर भी सुलह न हो तो आपसी राजीनामा के साथ दोनों का एक मुश्त भरण पोषण दिलाकर नि:शुल्क तलाक हेतु प्रक्रिया करवायेगी। उसी तरह एक बहुचर्चित मामले जिसमें एक अधिकारी जहां जाते है वहा शादी कर लेते है। उस प्रकरण के मामले में आवेदिका कसडोल निवासी के शिकायत पर आयोग ने डीएनए टेस्ट कराया गया। जिस पर रिपोर्ट निगेटिव आया है। आवेदक बेटी उनका जैविक संतान नही होना पाया गया है। जिस पर उक्त केस को नस्ती बद्ध किया गया है। इसी तरह अन्य प्रकरण में अनावेदक क्र. 1 व 2 में आवेदिका को छोड़ दिया है और आवेदिका को भरण पोषण भी नहीं दे रहे है।

सामाज का दबाव डालने के लिए सामाज ने भी छोड़ रखा है शेष अनावेदक जानबूझ कर अनुपस्थित रहे है। इन सब की आवश्यक उपस्थिती कराने हेतु प्रकरण को एसडीओपी निधि नाग को दिया गया। वह दो माह के अंदर सभी अनावेदक गणों को बुलाकर आवेदिका के साथ सामाजिक छोड़-छुट्टी मामले का निराकरण 02 माह के अन्दर करके आयोग को प्रेषित करेंगी। उसके बाद इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया जायेगा। इसी तरह सुनवाई दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेंद्र जाटवर,एसडीओपी निधी नाग अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे। साथ ही आयोग की सुनवाई के दौरान आवेदक अनावेदक सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# प्रशासन की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

**बलौदाबाजार।** जिले में नाबालिग बालक-बालिका का बाल विवाह करवाने की सूचना पर बलौदाबाजार जिला प्रशासन हरकत में आया। महिला बाल विकास की टीम ने मौके पर जाकर बाल विवाह को रुकवाया । समझाईश पर बालिका के माता -पिता और गांव वालों ने सहमति दी और नाबालिग लड़की का विवाह करने से रोका गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टिक्केन्द्र जाटवर ने बताया कि जिले के करहीबाजार चौकी क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्ष की बालिका का बाल विवाह बिलासपुर निवासी 19 वर्षीय नाबालिग बालक से करवाया जा रहा था। 1098 चाईल्ड लाइन पर सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर फौरन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन और करहीबाजार चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी, बालिका एवं बालक के बालिग होने संबंधित जन्मतिथि हेतु मार्कशीट देखी गई, जिससे बालिका की उम्र महज 12 वर्ष मिली वही बालक की उम्र 19 वर्ष पाया गया।

महिला बाल विकास की टीम द्वारा परिजनों को समझाईश भी दी गई कि बालिका की आयु 18 साल एवं बालक की आयु 21 साल पूरी होने पर ही विवाह किया जा सकता है।साथ ही परिजनों से घोषणा पत्र भी भरवाया गया है। टीम ने परिजनो को बताया कि बाल विवाह कराया जाना और करना, दोनों ही कानून अपराध है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई, यह भी बताया गया कि बाल विवाह कराने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक इन्द्र साव ने बजट में अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत करवाये, करोड़ो रूपए

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** विधायक इन्द्र साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट के पूर्व विधानसभा के विभिन्न कार्यों को स्वीकृत करवाने संबंधित विभाग के मंत्रियों से अनुशंसा की थी। जिसे बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों के हो जाने पर विधानसभा में निवासरत आम आदमी को ढ़ेर सारी सुविधाएं प्राप्त हो जायेगी।



स्वीकृत कार्यों में, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 8 करोड़ 80 लाख रूपए, अडबंधा से करहुल मार्ग लं. 2.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 4 करोड़ 40 लाख, अडबंधा से चंदियापथरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, कोलिहा से रोहरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, मर्राकोना संजारी नवागांव मार्ग लं. 2.50 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़, कोसमंदा ,बेन्द्री, खैरी, बोरसी मार्ग लं. 3.80 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 3 करोड़ 80 लाख, दतरेंगा से बिजराडीह मार्ग लं. 6.20 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़ 50 लाख, पौंसरी पहुंच मार्ग 2.50 कि.मी. में डामर मजबूतीकरण कार्य 5 करोड़ रूपये बजट में शामिल किए गए। इसके लिए विधायक इन्द्र साव ने लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इन्हीं स्वीकृत कार्यों को करवाने हेतु स्थानीय विधायक इन्द्र साव ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को दिनांक 09/01/2024 को एवं दिनांक 19/01/2024 को पत्र लिखकर उक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया था तभी उपरोक्त कार्य स्वीकृत किये गए।

**राजस्व प्रकरणों का निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित**

# सीमांकन कार्य को प्राथमिकता से शत-प्रतिशत करें पूर्ण- कलेक्टर चंदन कुमार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। उन्होंने राजस्व निरीक्षक मंडल और तहसील स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। साथ ही आवेदनों में जाति प्रमाण पत्र, बी -1 अभिलेख दुरुस्तीकरण के कार्यों के प्रकरणों का निराकरण पर जोर दिया। श्री



कुमार ने कहा कि राजस्व के मैदानी अमला वर्तमान में फसल कटाई होने के बाद सीमांकन कार्य को प्राथमिकता से शत-प्रतिशत करें। साथ ही नक्शा नवीनीकरण के काम को भी पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को भी प्रोत्साहित कर राजस्व के प्रकरणों का बेहतर निराकरण करने के निर्देश दिए है। शिविर में अपर कलेक्टर बीसी एक्का के द्वारा राजस्व कार्य से पहुंचे ग्रामीणों को नक्शा और बी-1 की प्रति भी प्रदान किया। इस अवसर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी,संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडें, डिप्टी कलेक्टर,तहसीलदार सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),समस्त तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों उपस्थित थे। उक्त आयोजित शिविर में 86 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 4 आवेदन का निराकरण किया गया,शेष का आवश्यक दस्तावेजों के साथ जल्द निराकृत किया जाएगा।

गौरतलब है की छत्तीसगढ़ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु 03 फ़रवरी को राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर, 10 फरवरी को तहसील स्तर पर और 17 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

# राजस्व मंत्री ने किया सामाजिक भवन, अतिरिक्त कक्ष एवं प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को जिला बलौदाबाजार भाटापारा प्रवास के दौरान विभिन्न नवनिर्मित भवनों का फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पित भवनों में ग्राम अर्जुनी में उप स्वास्थ्य केंद्र में 6 बिस्तरीय अतिरिक्त कक्ष ,बलौदाबाजार में कन्नौजे समाज का सामाजिक भवन तथा प्रेस क्लब भवन शामिल है। मंत्री श्री वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारण्टी को पूरा करते जा रही है। इसी कड़ी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। इसके लिए बजट में राशि का प्रावधान भी कर दिया गया है। इसी तरह किसान उन्नति योजना अन्तर्गत 3100 रुपये में धान खरीदी के वायदे को भी पूरा करते हुए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में विकास की गति को रफ्तार देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा, नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक जैन, समाज सेवी श्री विजय केशरवानी, श्री नरेश केशरवानी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री ने किया राजस्व शिविर का आकस्मिक निरीक्षण

## हितग्रहियों को बांटे जन्म प्रमाणपत्र व किसान किताब

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा शनिवार को तहसील बलौदाबाजार में आयोजित राजस्व शिविर का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उन्होंने संवरा बस्ती के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा शिविर में बनाये गए लोगों के जन्म प्रमाणपत्र, किसान किताब एवं बी वन की प्रति का वितरण किया। मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को ईमानदारी एवं जनसहयोग की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व सम्बंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए। बताया गया कि शिविर में करीब 82आवेदन प्राप्त हुए थे जिज़्मे से 80 का निराकरण किया गया। 51हितग्राहियों का जन्म प्रमाणपत्र बनाकर वितरित किया गया।

इस दौरान नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन ,समाज सेवी श्री विजय केशरवानी, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता जैन, एसडीएम श्री अमित गुप्ता, तहसीलदार श्री राजू पटेल मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमजन की समस्याएं

## 58 आवेदन प्राप्त हुए, 12 का किया गया निराकरण



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर चन्दन कुमार ने सोमवार को जनचौपाल में दूर दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनचौपाल में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 12 आवेदनो का निराकरण तत्काल किया गया। साथ ही बाकी आवेदनों को समय सीमा के प्रकरण में दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनचौपाल में पहुँचे टुंड्रा निवासी होरी लाल देवांगन ने वृद्धा पेंशन न मिलने के संबंध में कलेक्टर को को आवेदन प्रस्तुत किए जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तरह ग्राम कोनारी में ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर लगवाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को मौके में जाकर निरीक्षण करने निर्देश देते हुए कल की टीएल बैठक में वस्तु स्थिती से अवगत कराने कहा गया है।

जिले के स्कूलों में अब 'न्योता भोजन'

# सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल

न्योता भोजन,स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है।



शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा।

राज्य शासन के निर्देश अनुरूप कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संबधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 'न्योता भोजन' के संबंध में विस्तृत निर्देश प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के दिशा निर्देश के अध्याय 12 में 'तिथि-भोजन' के नाम से दिये गये हैं, इसका पालन करना भी सुनिश्चित करें।

**कलेक्टर ने बताया की 'न्योता भोजन'** की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्टीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य में न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है, जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभांवित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जा सकेगा। इसके तहत समुदाय के सदस्य किचन के बर्तन भी उपलब्ध करा सकते है।

### संभावित दाताओं की पहचान-

* समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान की जा सकती है जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दान दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें शाला की प्रार्थना सभा अथवा वार्षिक दिवस में सम्मानित किया जाए। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को 'न्योता भोजन' कराया जाता है। 'न्योता भोजन' के दिन दान-दाता को शाला में आमंत्रित किया जाए। 'न्योता भोजन' की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाए। घोषणा में दान-दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है अथवा उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है।

### *'न्योता भोजन' के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां-

प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान-पान की आदत (फुड हैबिट) के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है।

फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मौसमी फलों का चयन भी पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। मौसमी फल अपेक्षाकृत सस्ते एवं पौष्टिक होते है। शाला में बच्चों से पूछकर भी ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची तैयार की जानी चाहिये जो बच्चे 'न्योता भोजन' में खाना चाहते हो। इस सूची को दान-दाताओं को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे वे बच्चों के पसंद की खाद्य सामग्री का अपने बजट के अनुसार चयन कर बच्चों को 'न्योता भोजन' में उपलब्ध करा सकें। 'न्योता भोजन' हेतु किसी प्रकार की कैश, चेक शाला द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 'न्योता भोजन' की आवृति एवं भागीदारी की भावना-*

समुदाय की शाला में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये समुदाय के सदस्यों के मध्य माह में कम से कम एक दिन स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रोटोकाल का पालन करते हुये 'न्योता भोजन' को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। 'न्योता भोजन' में बच्चे एक साथ बैठ सकते है और सही मायने में भोजन, अतिरिक्त खाद्य पदार्थों का आनंद उठा सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 907859 हुई

महिला मतदाताओं की संख्या हुई पुरुषों से अधिक

**बलौदाबाजार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के लिए जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024को किया गया । प्रकाशन के साथ जिला कार्यालय सहित सभी तहसील कार्यालयों में मतदाता सूची चस्पा किया गया। मतदाता सूची के अनुसार जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 9 लाख 7 हजार 859 है। 453335 पुरुष, 454509 महिला, तृतीय लिंग 15 तथा 9203 दिव्यांग मतदाता हैं। इस बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार- भाटापारा अन्तर्गत 4 विधानसभा क्षेत्र में कुल 1009 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ अन्तर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 129, पुरुष मतदाता 51718,महिला मतदाता 51407, तृतीय लिंग1 तथा दिव्यांग मतदाता 926 हैं। इसीप्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 44 कसडोल अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 402, पुरुष मतदाता 183515, महिला मतदाता 182960, तृतीय लिंग 2 तथा दिव्यांग मतदाता 3729, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -45 बलौदाबाजार अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 196,पुरुष 90258, महिला 9116,तृतीय लिंग 0 तथा दिव्यांग मतदाता 1888, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -46भाटापारा अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 282,पुरुष मतदाता 127844, महिला128975,तृतीय लिंग 12 तथा दिव्यांग मतदाता 2660 हैं।

ज्ञातव्य है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। 01जनवरी 2024 की अहर्ता तिथि के समंबन्ध में 6 से 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों में दावा-आपत्ति लिया गया। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 23 फरवरी को

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना, कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, उन्हें आधुनिक औजार/टूल किट प्रदान करना, उन्हें सम्पार्वशिवक मुक्त ऋण प्रदान करना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य है। योजना अंतर्गत 18 घटकों जिसमें कारीगर, शिल्पी, बुनकरों, टेर्लरिंग, कारपेंटर, लोहार, शस्त्रसाज, लोहे का औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू निर्माण, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, मालाकार, नाई, धोबी एवं मछली जाल निर्माता इत्यादि हितग्राहियों को लाभांवित किया जाना है। जिसमें हितग्राहियों का पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल/मोबाईल एप पर, आधार आथेंटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज- आधार, मोबाईल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड से कर सकते है। यह पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क है। प्रथम चरण में हितग्राहियों का प्रमाणीकरण सरपंचों के माध्यम से किया जायेगा। योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 23 फरवरी 2024 समय प्रातः 11 बजे से आजीविका महाविद्यालय (लाईवलीवुड) सकरी बलौदाबाजार में आयोजित किया गया है। जिसमें योजना के लाभ लेने इच्छुक व्यक्ति सादर आमंत्रित है।

## आदतन लापरवाह शिक्षक प्रधानपाठक दयाशंकर कन्नौजे को कलेक्टर ने किया निलंबित

ग्राम वासियों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** ग्राम वासियों की शिकायत पर प्रधान पाठक शास.प्राथ.शाला कुम्हारी वि.ख. बलौदाबाजार में पदस्थ शिक्षक दयाशंकर कन्नौजे को आज कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा निलंबित कर दिया गया है। दयाशंकर कन्नौजे प्रधान पाठक शास.प्राथ.शाला कुम्हारी वि.ख.बलौदाबाजार के विरुध्द जनदर्शन में सरपंच एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष समय से स्कूल नही आने और आने के बाद समय पूर्व घर चले जाने तथा शाला समिति के पदाधिकारियों के बच्चों को उनके पिता को जेल भेजने की धमकी दिये जाने शिकायत की गई।

# सड़क दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन व सुरक्षा मानदंडों का रखना होगा ध्यान - कलेक्टर

## 34 वां राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

**बलौदाबाजार।** यातायात पुलिस बलौदाबाजार द्वारा बुधवार को 34 वां राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15जनवरी 2024 से शुरू हुए यातायात सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल शामिल हुए। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले यातायात पुलिस बल एवं यातायात जागरूकता सम्बंधी विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले एवं घायलों की मदद करने वाले 10 गुड सेमेरिटनों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे हताहत लोगों की मृत्यु की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटना में हताहत अक्सर यातयात नियमो एवं सुरक्षा मानदण्डों की अनदेखी के कारण होता है जिससे लोगों को जान भी गंवाना पड़ता है। यातयात नियमों और सुरक्षा मानदण्ड का ध्यान रखा जाय तो सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से किसी को केवल शरीर या जान ही नही गंवाना पड़ता बल्कि इससे उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में बिल्कुल भी गाड़ी न चलाएं। यातायात नियमों का पालन कर युवाओं को उदाहरण प्रस्तुत करना होगा।




**उत्कृष्ट कार्य करने वाले यातायात पुलिस बल, गुड सेमेरिटन एवं विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन अत्यंत आवश्यक है। आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चलाने से यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातयात के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्पलेट, लाउडस्पीकर एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने मालवाहक वाहनों में कभी भी सवारी के रूप में न बैठाने आदि के संबंध में समझाइश दिया गया। साथ ही स्कूलों में स्लोगन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों एवं सजगता आदि की जानकारी प्रदान की गई।

इस संपूर्ण अभियान में पूरे माह यातायात नियमों का पालन करने वाले, हेलमेट धारण करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जागरूकता अभियान में अपना अमूल्य सहयोग देने वाले चक्रपाणि स्कूल, गुरुकुल स्कूल बलौदाबाजार की प्राचार्य, शिक्षक छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में जिले के सीमेंट संयंत्र प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन बलौदाबाजार का भी विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर . पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ सनम जांगडे, अरीरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव, श्री जुगल भट्टर,श्री नरेश केशरवानी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक, एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा : कलेक्टर

## कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सर्वे सूची बनाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली।

# चिरायु योजना से संवर रही है जिंदगी,6 वर्षीय श्रेया अब सुन पाएगी आवाज

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) की बलौदा बाज़ार टीम द्वारा दो बच्चों में क्रमश: स्तन में गांठ और जन्मजात श्रवण बधिता की पहचान कर उसका उपचार कराया है। बलौदाबाजार के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार उक्त दोनों ही बच्चों की पहचान बलौदाबाजार की चिरायु टीम द्वारा की गई है। ग्राम अर्जुनी की 6 वर्षीय बच्ची श्रेया ध्रुव के पिता कृषक हैं। बच्ची के पिता ने जानकारी दी की जन्म से ही उनकी बेटी को सुनने की समस्या रही है कई जगहों पर जांच करवाने के पश्चात चिरायु दल के संपर्क में आने पर बच्ची के ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। बच्ची के कान में कॉक्लियर मशीन लगाया गया है जिससे अब उसे सुनाई देने लगा है। इस ऑपरेशन में चिरायु की डॉ किरण देवांगन की टीम ने सहयोग किया गया। निजी अस्पताल में इसका उपचार 2 लाख से ऊपर का होता है। पर चिरायु के माध्यम से होने पर एक रूपये भी परिवार को देना नही पड़ा। उनके पिता ने इस सफल आपरेशन पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। इसी तरह एक दूसरे प्रकरण में बलौदा बाजार शहर की एक 16 वर्षीय किशोर बच्ची में चिरायु की डॉ आरजू परवीन की टीम द्वारा स्तन में गांठ की पहचान की गई। जिसका उपचार रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल में किया गया। जिले में चिरायु टीम द्वारा स्तन के गांठ की पहचान कर उसका उपचार किया गया है। चिरायु में इस में तरह का केस मिलना पहला मामला है। बच्ची के घर वालो ने भी जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की चिरायु टीम द्वारा स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जिसमें किसी प्रकार की बीमारी पाई जाने पर उसके उपचार की नि:शुल्क व्यवस्था की जाती है।





# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा भाटापारा शहर/ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत समस्त बैंक शाखा प्रबंधक की ली गई बैठक

## बैंक आवश्यक सुरक्षा प्रबंध एवं समुचित पार्किंग व्यवस्था हेतु दिया गया निर्देश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सायं थाना भाटापारा शहर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एसडीओपी भाटापारा श्री आशीष अरोरा, निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में भाटापारा शहर/ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली गई। *बैठक का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बैंक सुरक्षा व्यवस्था, बैंक में रकम लेने/जमा करने के लिए आने वाले सामान्य नागरिकों की



सुरक्षा एवं बैंक के बाहर समुचित पार्किंग व्यवस्था था।

इस संबंध में *श्री आशीष अरोरा द्वारा समस्त बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि बैंक सुरक्षा के सभी आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत पूरा करना है,* जिसके लिए बैंक में सभी महत्वपूर्ण स्थान में सीसीटीवी कैमरा लगाने, विशेषकर बैंक के प्रवेश गेट, रकम लेनदेन काउंटर एवं गेट के सामने तरफ पूरा कवर करते हुए महत्वपूर्ण स्थान में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाने हेतु बताया गया। इसके अलावा बैंक के आसपास या बाहर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा किसी संदिग्ध व्यक्ति के बार-बार घूमने अथवा विचरण करने की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देना हेतु हिदायत दिया गया। *सांथ ही उन्होंने कहा कि बैंक के बाहर बेतरतीब वाहनों की पार्किंग करने से कई बार रोड जाम की स्थिति बनती है, इसके साथ ही वाहन को बाहर निकालते हुए कई बार लोगों का अपने साथ रखे रकम से ध्यान भी हट जाता है, जिससे कई अवसरों पर उठाईगिरी की घटना भी घट सकती है। इसलिए उन्होंने उपस्थित सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को स्पष्ट रूप से बैंक के सामने एवं आसपास समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।*

योगिताबाली खापर्डे द्वारा बैंक के सूचना पटल पर थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक संपर्क नंबर को प्रदर्शित करने हेतु कहा गया। उन्होंने कहा कि *बैंक सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड बैंकों द्वारा केवल दिन में रखे जाते हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी बैंक की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसके लिए उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को रात्रि के समय भी बैंक में सुरक्षा गार्ड रखने हेतु कहा।* इसके साथ ही किसी प्रकार की साइबर ठगी हो जाने पर यदि कोई फरियादी तत्काल बैंक पहुंचता है, तो उसकी हर संभव मदद करने हेतु हिदायत दिया गया। बैठक में भाटापारा शहर स्थित 15 बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी कर्मचारी का उपस्थित हुए।

# केंद्रीय मंत्री रुपाला ने स्वदेशी मेले में उपस्थिति देकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई

राजनांदगांव / शहर के स्टेट स्कूल मैदान में शुक्रवार 16 फरवरी से आगाज हुए स्वदेशी मेले में केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रुपाला ने सौजन्य उपस्थिति देकर आयोजन की गरिमा में वृद्धि की इस दौरान श्री रुपाला जी के साथ जिले के सांसद संतोष पाण्डेय जी की भी उपस्थिति रही।



**आयोजन समिति के स्वागत सत्कार से अभिभूत हुए रुपाला जी घुम-घुम कर किया मेले का अवलोकन**

स्वदेशी मेले के भव्य द्वार पर पधारते ही केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद जी का हार - फूलों एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष- विनोद लड्ढा, सचिव - योगेश बागड़ी,चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री - राजा माखीजा,मेला संयोजक- कोमल सिंह राजपूत,सह संयोजक - किशुन यदु ने किया। अपने स्वागत सत्कार से अभिभूत श्री रूपला जी ने संस्कारधानी की मेहमान नवाजी की सराहना ?करते हुए उपरोक्त जनो सहित स्वदेशी मेला संरक्षक - विष्णु साव ( अधिवक्ता) सीवीएमडी- सुब्रत चाको, राजकुमार शर्मा,राकेश ठाकुर, राधेश्याम गुप्ता, के,के , दीक्षित,कमल सोनी,भीष्म देवांगन, श्रीमती सुधा पवार, अमित खंडेलवाल,हाफिज खान, आदि के साथ घुम- घुम कर मेरे का अवलोकन किया और मेरे में लगे विभिन्न आवश्यक चीजों के स्टॉल व मेले की चाक चौबंद व्यवस्था की सराहना की। मंत्री जी के मेला स्थल पर सम्मान किया गया मेला समिति की ओर? से अध्यक्ष विनोद लड्ढा, योगेश बागड़ी,राजा माखीजा,किशुन यदु कमल सोनी आदि द्वारा श्री रुपाला जी का शाल व श्रीफल सहित मेला समिति का प्रतीक चिन्ह ( मेमोंटो) देकर सम्मानित किया गया। उक्ताशय की जानकारी सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने दी।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय अधिवेशन पटना बिहार में

## मोदी होगे पांच दिवसीय अधिवेशन में शामिल




**राजनांदगांव।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा के आदेशानुसार जिला महामंत्री राजेश बिसने ने जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आहुत की जिसमें बिहार की राजधानी पटना में पांच दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रशिक्षण के संबध में कार्यकर्ता से बैठक के माध्यम से चर्चा किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने पटना जाने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की। जिला पदाधिकारी एवं मंडल के पदाधिकारी लगभग 150

- ☛ राजनांदगांव से 150 कार्यकर्ता होगे अधिवेशन में शामिलः शिव वर्मा
- ☛ भाजपा कार्यालय में पटना जाने को लेकर जिला ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न

कार्यकर्ता पटना जायेगें इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शिव वर्मा, महामंत्री दिलीप साहू, राजेश बिसने, पवन निर्मलकर, यादराम साहू, जितेन्द्र सिन्हा, योगेश देवांगन, दीपेश सोनी, प्रियंक सोनी, गप्पू सोनकर, लालित नायडू, खुमान वर्मा, विजय कुमार सिन्हा, राजकुमार साहू, रघुवीर वाधवा, चंद्रेश श्रीवास, श्रीमति हेमा सेंगर, दिनेश वैष्णव, दिनेश साहू, रोशन साहू, दिनेश यादव, सुरेश डाकाटे, भीष्म देवांगन, रिखीराम पटेल, सतीस धीवर रामअवतार वर्मा, दिनेश वर्मा सृकृत साहू, लालाराम देवांगन, पवन यादव एवं अन्य कार्यकर्ता।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in